दावा–23/12, अम्बिका प्रसाद बनाम भवानी वगै0

हुक्म का तामील में जारी हुए

01.12.17

पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। वकील उभयपक्ष ने प्रकरण में राजीनामा पेश किया। इसी भूमि से संबंधित न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण दावा संख्या–35/2012 उनवानी रमेश दास बनाम विमला वगै0 में भी राजीनामा पेश किया एवं दावा कन्सोलिडेट करने का निवेदन किया। दावा उनवानी रमेशदास बनाम विमला वगै0 में दिनांक–27.11.2014 को दोनों दावों को कन्सोलिडेट करने हेतु प्रार्थना पत्र भी पेश किया गया है। उभयपक्ष की सहमति से प्रार्थना पत्र स्वीकार कर दोनों वादपत्र की पत्रावलियों को कन्सोलिडेट किया जाता है। दोनों पत्रावलियॉं में एकसाथ सुनवाई की गई। पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत राजीनामा में अंकित किया गया है कि आराजी हाल खसरा नंबर 2615 रकबा 0.67 हेक्टर तथा खसरा नंबर 2614 रकबा 0.02 हेक्टर स्थित ग्राम बजीरपुर वादी अम्बिका प्रसाद तथा दुर्गालाल की खरीदशुदा, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है। इस भूमि में से 1/2 हिस्सा वादी अम्बिका प्रसाद एवं 1/2 हिस्सा संयुक्त रूप से दुर्गालाल के वारिसान प्रतिवादी नंबर 1 लगायत 4 के नाम दर्ज किया जावे, इसमें प्रतिवादी नंबर 1 ता 8 को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।

इसी प्रकार दावा संख्या–35/2012 उनवानी रमेश दास बनाम विमला वगै0 में भी पक्षकारान द्वारा राजीनामा पेश किया गया कि खसरा नंबर 2615 रकबा 0.67 हेक्टर तथा खसरा नंबर 2614 रकबा 0.02 हेक्टर स्थित ग्राम बजीरपुर प्रतिवादी विमला, भवानी, पूजा, विजयलक्ष्मी व अम्बिकाप्रसाद की खातेदारी में रहेगी तथा बाकी सभी खसरा नंबर 2577, 2595, 2596, 2616, 2618, 2619, 2620, 2621, 2622, 2625, 2626, 2627,2628, 5488/2623 कुल किता 14 कुल रकबा 5.80 हेक्टर ग्राम बजीरपुर रमेशदास, रतनदेवी, महेशदास, सुरेशदास के नाम खातेदारी रहेगी।

पक्षकारान द्वारा प्रस्तुत राजीनामों के संदर्भ में पत्रावलियों का अवलोकन किया गया। बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में संलग्न विक्रय पत्र अनुसार रघुनाथदास द्वारा भूमि खसरा नंबर 212 रकबा 1 विस्वा, 213 रकबा 2 बीघा 14 विस्वा को दुर्गाप्रसाद एवं अम्बिकाप्रसाद को जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ब्रेचान किया गया है। जिसका नामान्तरकरण भी नामान्तरकरण संख्या 169 दोनों क्रेताओं के नाम दर्ज किया गया है। नकल मिलान क्षेत्रफल के अनुसार उक्त क्रय किये गये साबिक खसरा नंबरों से हाल खसरा नंबर 1614 रकबा 0.02 हेक्टर, 1615 रकबा 0.79 हेक्टर बनाये गये है। हाल जमाबंदी में इन खसरा नंबरों की

| तारीख हुक्म | हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | | |

खातेदारी अन्य खातेदारान के साथ एवं खसरा नंबरों में केवल दुर्गाप्रसाद पुत्र साधुलाल के नाम ही हिस्सा दर्ज की गई है एवं अम्बिकाप्रसाद का नाम दर्ज नहीं किया गया है। इस प्रकार हमारी राय में जरिये राजीनाम वाद वादी डिक्री किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः उभयपक्षकारान द्वारा प्रस्तुत राजीनामा अनुसार दावा–23/12, अम्बिका प्रसाद बनाम भवानी वगै0 एवं दावा संख्या–35/2012 उनवानी रमेश दास बनाम विमला वगै0 डिक्री किया जाकर हाल खसरा नंबर 2615 रकबा 0.67 हेक्टर तथा खसरा नंबर 2614 रकबा 0.02 हेक्टर स्थित ग्राम बजीरपुर का अम्बिका प्रसाद पुत्र साधूलाल जाति ब्राहमण निवासी बजीरपुर हिस्सा 1/2, विमला पत्नी दुर्गालाल, भवानी पुत्र दुर्गालाल, पूजा पुत्री शीतल व विजयलक्ष्मी पत्नी शीतल हिस्सा 1/2 जाति ब्राहमण निवासी बजीरपुर को खातेदार घोषित किया जाता है। खसरा नंबर 2577 रकबा 0.17 हेक्टर, 2595 रकबा 0.03 हेक्टर, 2596 रकबा 0.16 हेक्टर, 2616 रकबा 0.12 हेक्टर, 2618 रकबा 0.28 हेक्टर, 2619 रकबा 0.04 हेक्टर, 2620 रकबा 0.42 हेक्टर, 2621 रकबा 0.18 हेक्टर, 2622 रकबा 0.38 हेक्टर, 2625 रकबा 0.16 हेक्टर, 2626 रकबा 0.51 हेक्टर, 2627 रकबा 2.20 हेक्टर, 2628 रकबा 0.20 हेक्टर, 5488/2623 रकबा 0.79 हेक्टर का रमेशदास स्वामी पुत्र कल्याणदास, रतनदेवी पत्नी कल्याणदास, महेश पुत्र कल्याणदास, सुरेश पुत्र कल्याणदास जाति दादूपंथी ग्राम बजीरपुर को खातेदार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती की जावे। पर्चा डिक्री जारी किये जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नंबर से कम हो एवं बाद तकमील जमा जिला अभिलेखागार हो। दावा संख्या–35/2012 उनवानी रमेश दास बनाम विमला वगै0 पत्रावली को प्रथक किया जावे एवं एक निर्णय की प्रति संलग्न की जावे।

(मुनिदेव यादव)
सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट
गंगापुर सिटी

| | |
|---|---|
| **डिकरी व मुकद्दमे इब्तदाई** | **Judi/Civil** |
| (ऑर्डर 20, रूल 6–जाब्ता दीवानी) | **Part IV-10** |

**(Civil Proceede Code, Appendix D-1)**

**अज अदालत** सहायक कलेक्टर **मुकाम** गंगापुर सिटी
**इजलास** मुनिदेव यादव, आर0ए0एस0

**उनवान**

**अम्बिका प्रसाद बनाम भवानी वगै0**

**(उनवान पृष्ठ भाग पर अंकित है)**

**दावा बावत घोषणा, विभाजन, इन्द्राज दुरूस्ती व स्थाई निषेधाज्ञा**

**मुकदमा नं.** –23/2012

**यह मुकदमा आज वास्ते इनफियाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी** श्री बृजनंदन दीक्षित, एडवोकेट **मिनजानिब मुद्दई** श्री प्रकाश चंद शर्मा, एडवोकेट, प्रतिवादी नंबर 1 ता 4, श्री मोहम्मद इस्लाम खॉन प्रतिवादी नंबर 5 ता 8 **मुद्दायलह पेश होकर, हुक्म दिया जाता है** कि उभयपक्षकारान द्वारा प्रस्तुत राजीनामा अनुसार निर्णित किया जाकर दावा–23/12, अम्बिका प्रसाद बनाम भवानी वगै0 एवं दावा संख्या–35/2012 उनवानी रमेश दास बनाम विमला वगै0 डिकी किया जाकर हाल खसरा नंबर 2615 रकबा 0.67 हेक्टर तथा खसरा नंबर 2614 रकबा 0.02 हेक्टर स्थित ग्राम बजीरपुर का अम्बिका प्रसाद पुत्र साधूलाल जाति ब्राह्मण निवासी बजीरपुर हिस्सा 1/2, विमला पत्नी दुर्गालाल, भवानी पुत्र दुर्गालाल, पूजा पुत्री शीतल व विजयलक्ष्मी पत्नी शीतल हिस्सा 1/2 जाति ब्राह्मण निवासी बजीरपुर को खातेदार घोषित किया जाता है। खसरा नंबर 2577 रकबा 0.17 हेक्टर, 2595 रकबा 0.03 हेक्टर, 2596 रकबा 0.16 हेक्टर, 2616 रकबा 0.12 हेक्टर, 2618 रकबा 0.28 हेक्टर, 2619 रकबा 0.04 हेक्टर, 2620 रकबा 0.42 हेक्टर, 2621 रकबा 0.18 हेक्टर, 2622 रकबा 0.38 हेक्टर, 2625 रकबा 0.16 हेक्टर, 2626 रकबा 0.51 हेक्टर, 2627 रकबा 2.20 हेक्टर, 2628 रकबा 0.20 हेक्टर, 5488/2623 रकबा 0.79 हेक्टर का रमेशदास स्वामी पुत्र कल्याणदास, रतनदेवी पत्नी कल्याणदास, महेश पुत्र कल्याणदास, सुरेश पुत्र कल्याणदास जाति दादूपंथी ग्राम बजीरपुर को खातेदार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती की जावे। राजीनामा निर्णय का जुज पोरशन रहेगा।

पर्चा डिक्री अज दिनांक–01.12.2017 को जारी किया गया।

(मुनिदेव यादव)
सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट
गंगापुर सिटी

| मुद्दई | रूपया | पैसा | मुद्दायलह | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | स्टाम्प पर्ची | | |
| महनताना चकील | | | महनतानावकील पर | | |
| खर्चा गवाहान | | | खर्चा गवाहान | | |
| फीस कमिश्नर | | | फीस कमिश्नर | | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | | बाबत इजराय हुक्मनामा | | |
| मुतफर्रिक | | | मुतफर्रिक | | |
| मीजान | | | मीजान | | |

**उनवान**

अम्बिका प्रसाद पुत्र स्व0 साधूलाल, जाति ब्राह्मण, निवासी बजीरपुर, तहसील गंगापुर सिटी
—वादी

बनाम

1. भवानी पुत्र स्व0 दुर्गालाल, जाति ब्राह्मण निवासी बजीरपुर
2. पूजा पुत्री स्व0 दुर्गालाल, जाति ब्राह्मण निवासी बजीरपुर
3. विजयलक्ष्मी पत्नी स्व0 शीतल, जाति ब्राह्मण निवासी बजीरपुर
4. विमला पत्नी स्व0 दुर्गालाल, जाति ब्राह्मण निवासी बजीरपुर
5. रतन देवी पत्नी स्व0 कल्याणप्रसाद जाति दादूपंथी, निवासी बजीरपुर
6. रमेशदास पुत्र स्व0 कल्याणप्रसाद जाति दादूपंथी, निवासी बजीरपुर
7. महेशदास पुत्र स्व0 कल्याणप्रसाद जाति दादूपंथी, निवासी बजीरपुर
8. सुरेशदास पुत्र स्व0 कल्याणप्रसाद जाति दादूपंथी, निवासी बजीरपुर
9. लेण्ड होल्डर तहसीलदार उप तहसील बजीरपुर —प्रतिवादीगण

(मुनिदेव यादव)
सहायक कलेक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट
गंगापुर सिटी